हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

11 खो-खो में केंद्रीय विद्यालय भनाला और रघुनाथपुरा ने मारी बाजी



12 सीड, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर डीलर्स एसो. ने निकाला रोष मार्च




**खबर संक्षेप**

## बुलेट के पटाखे बजाना पड़ा महंगा

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस हुड़दंगबाजी करने व बुलेट पटाखा बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने व आमजन को परेशान करने वाले मनचलों पर सख्त तेवर अपनाती नजर आ रही है। गत दिवस पुलिस लाईन में हुई यातायात प्रभारियों की बैठक में बुलेट पटाखा व कारफिल्म पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए थे।

## दुकानदार से एक लाख की ठगी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन सामान खरीदने के नाम पर भूना के एक दुकानदार से 1 लाख 5 हजार रुपये की ठगी होने का मामला सामने आया है। इस बारे साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में खैरी चौक, भूना निवासी लीलाकृष्ण ने कहा है कि उसकी भूना में गेहूं-चना पिसने के लिए जय बाबा राणाधीर एग्रो नाम से 5 चक्कियां हैं। उसने जीरा व धनियां की पिसाई करनी थी।

## पत्नी की बैल्ट से पिटाई पति को किया काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गांव बीघड़ में अपनी पत्नी की बैल्ट से पिटाई करने के मामले में कार्रवाई करते हुए महिला के पति को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुरेन्द्र कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी बीघड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे कब्जे से बैल्ट को बरामद किया है। आरोपी को जमानत पर रिहा किया गया है।

## धारसूल कलां से हजारों की गेहूं चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव धारसूल कलां से हजारों रुपये की गेहूं चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धारसूल कलां निवासी दीपक कुमार ने कहा है कि उसने अपनी गेहूं की बोरियों को मण्डी में रखा था। रात को वहां से अज्ञात चोर 28 बैग गेहूं चोरी कर ले गए है। अगले दिन सुबह जब वह मौके पर गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब चोर बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## अब तक 5,33,562 एमटी गेहूं की आवक

**फतेहाबाद।** जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों मं गेहूं की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 34185 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 533562 मीट्रिक टन गेहूं फसल की आवक हुई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 5263 किसानों की 81713 मीट्रिक टन, हैफेड ने 13666 किसानों की 244822 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 12114 किसानों की 186724 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 3142 किसानों की 20302 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है।

## मारपीट के मामले में तीन युवकों को किया काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने गांव बनगांव में एक युवक से मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अमित उर्फ गोल्ड पुत्र रमेश कुमार, दिनेश उर्फ जोता पुत्र रोहताश व सतीश उर्फ टोनी पुत्र रमेश निवासी बनगांव के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 5 अप्रैल को बनगांव निवासी सोनू की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पापा घर के सामने गाड़ी खड़ी करते हैं। उसके पड़ोसी सतीश व अमित ने गली से उठाकर गाड़ी पर कीचड़ डाल दिया।



## वेयर हाउस के कर्मचारियों पर किसानों व आढ़तियों की मजबूरी का कोई असर नहीं

बता दें कि वेयर हाऊस गेहूं खरीद व उठान को लेकर शुरू से ही सुर्खियों में रहा है। वेयर हाऊस के कर्मचारियों पर किसानों व आढ़तियों की मजबूरी का कोई असर नहीं है। फतेहाबाद अनाज मण्डी में तो ओर भी बुरा हाल है। यहां वेयर हाऊस ने 14 अप्रैल से अब तक करीब 5 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद की है। उसमें से केवल 34 फीसदी का ही उठान किया। आढ़तियों का कहना है कि वेयर हाऊस के पास न बारदाना है और न ही वह उठान को सीरियस ले रहे हैं। यहां तक कि ठेकेदार इनके अपने हैं। ठेकेदारों के पास ट्रकों की कमी है। सरकार की नॉम्र्स के अनुसार ठेकेदार के पास ट्रक न होने से उठान नहीं हो पा रहा। टेंडर लेने वाले ठेकेदार चाहते हैं कि वह अपने कुछ ट्रकों के ही फेरे बढ़ाकर उन्हीं से काम चला लें ताकि उनका पैसा बच जाए। ट्रकों की कमी का असर सीधा किसानों पर पड़ रहा है। किसान 14 दिन से मण्डी में आढ़ती के सिर पर बैठे हैं। यही कारण था कि शनिवार को आढ़तियों ने हरियाणा वेयर हाऊस को गेहूं देने से इंकार कर दिया था।

### उत्पादन ज्यादा, आवक कम

खेतों से गेहूं पूरी तरह निकल चुकी है। मंडियों में कम पहुंची हैं। इस बार उत्पादन ज्यादा था लेकिन आवक कम हुई। बीते वर्ष 7 लाख एमटी गेहूं की आवक हुई तो इस बार यह आंकड़ा 6 लाख एमटी को भी नहीं छू रहा। इसकी मुख्य वजह गेहूं का बाजार रेट बढने की उम्मीद व सीड़ कम्पनी द्वारा ज्यादा मात्रा में सीड ग्रहण करना बताया गया है।

*गेहूं के खेत हुए खाली, मंडियों में आवक कम बीते वर्ष से 1 लाख एमटी कम खरीद की संभावना*

# नागपुर खरीद केंद्र पर वेयर हाऊस के पास बारदाना न होने से नहीं हो रहा उठान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

हरियाणा वेयर हाऊस के पास बारदाना न होने से खरीद केन्द्र पर गेहूं खुले में खराब होने का इंतजार कर रही है। जिन किसानों की गेहूं खुले में पड़ी है, उनको मौसम का डर सता रहा है। हरियाणा वेयर हाऊस का हाल देखिये कि रतिया अनाज मण्डी के अंतर्गत पडने वाले नागपुर खरीद केन्द्र पर 11 दिनों में अब तक 4 बार परचेज हुई। वेयर हाऊस ने यहां 21 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा जिसमें से बारदाना न होने से मात्र 9 हजार क्विंटल गेहूं का ही उठान हो पाया है। वेयर हाऊस के परचेजर राजेश कुमार का कहना है कि उन्होंने भिरड़ाना व मानकपुर से बारदाना मंगवाकर नागपुर भेजा है ताकि वहां उठान हो सके। अब मंगलवार को वेयर हाऊस की बारी है। उम्मीद है यहां से जल्द उठान हो जाएगा और किसानों को कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। नागपुर खरीद केन्द्र पर हरियाणा वेयर हाऊस ने 17 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 4 बार गेहूं की खरीद की है। यहां पर वेयर हाऊस ने कुल 21 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की लेकिन उठान मात्र 9 हजार क्विंटल का ही हुआ। किसानों का कहना है कि वेयर हाऊस के पास न तो बारदाना है और न ही वह उठान कर रहे हैं।

### 8 लाख बोरियां उठान के इंतजार में

मण्डियों में अभी तक 7 से 8 लाख बोरियां उठान की इंतजार में पड़ी हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 3 लाख बोरियां वेयर हाऊस की है। इसके अलावा खाद्य आपूर्ति विभाग की 2 लाख व 3 लाख बोरियां हैफेड की हैं। जब तक इनका उठान नहीं होता, तब तक किसानों के खाते में पैसे नहीं आएंगे। एजेंसियों को चाहिए कि वह जल्द से जल्द उठान की व्यवस्था करे।
जगदीश भादू, प्रधान व्यापार मंडल

### मानकपुर से बारदाना उठवाकर भरपाई बोरियां

इस बारे वेयर हाऊस के परचेजर राजेश कुमार ने कहा कि सोमवार को हैफेड की बारी थी। मंगलवार को वेयर हाऊस ने खरीद करनी है। इससे पूर्व उन्होंने मानकपुर से बारदाना उठवाकर नागपुर में गेहूं की बोरियां भरपाई है। मानकपुर में बारदाने की जरूरत कम थी। इसी तरह भिरड़ाना में हैफेड से बारदाना दिलवाकर नागपुर लाया गया है। मंगलवार को नागपुर खरीद केन्द्र पर गेहूं का उठान कर लिया जाएगा।

*हरियाणा वेयर हाऊस का हाल देखिए कि रतिया अनाज मंडी के अंतर्गत पड़ने वाले नागपुर खरीद केन्द्र पर 11 दिनों में अब तक 4 बार परचेज हुई*

*रवैया ठीक न होने का आरोप*

## गोरखपुर पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर के खिलाफ किसानों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भूना

गोरखपुर गांव में पंजाब नेशनल बैंक की कार्यप्रणाली के खिलाफ सोमवार को किसानों ने धरना दिया। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघ समिति के आह्वान पर किसान बैंक के सामने करीब तीन घंटे तक बैठे। किसानों ने बैंक मैनेजर विकास कुमार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। धरने का संचालन समिति के जिला उप प्रधान राम मेहर सिवाच ने किया। अध्यक्षता जिला सचिव महेंद्र बेनीवाल ने की। राम मेहर सिवाच ने कहा कि बैंक मैनेजर विकास कुमार का रवैया किसानों और आम जनता के प्रति ठीक नहीं है। बैंक में आने वाले हर व्यक्ति के साथ उनका व्यवहार असंतोषजनक रहता है। जब उन्हें सुधार के लिए चेताया गया तो उन्होंने बैंक के कामकाज में रुकावट डालने की कार्रवाई की धमकी दी। इसी के विरोध में किसानों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। सिवाच ने कहा कि किसानों के विरोध से मैनेजर का घमंड चकनाचूर हो गया। धरने में जैलदार राजा राम, जयबीर सिवाच, गोरखपुर इकाई प्रधान सुभाष चंद्र, सुरेंद्र सिंह, मेनपाल, मोचीवाली इकाई प्रधान विनोद कुमार, दिलबाग सिंह, संजय कुमार, भीरा राम, गुलशन कुमार, आत्मा राम बिश्नोई, नंदा राम, जितेंद्र सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।



**भूना।** पंजाब नेशनल बैंक के बाहर विरोध प्रदर्शन करते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के पदाधिकारी

**फतेहाबाद की मंडियों में अब तक 15,1243 क्विंटल सरसों फसल की हुई आवक**

फतेहाबाद। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 151243 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 16947 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 89538 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 44758 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इसके साथ ही जिले में अब तक 135908 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है।

## प्रदेश में गहराएगा पेयजल संकट: सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों में पेयजल संकट गहरा रहा है। सिरसा, फतेहाबाद, सोनीपत, झज्जर, जींद, हिसार, भिवानी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़-नारनौल जैसे जिले में हालात गंभीर चले हुए है। पिछले दिनों भाखड़ा नांगल बांध से पंजाब की ओर से नहरों में पानी छोड़ दिया गया है लेकिन इस पानी की समय सीमा कम है ऐसे में टेल तक पानी पहुंचने से पहले ही नहर बंद हो जाएगी। अगर सरकार ने पहले ही नहरों की साफ सफाई और उनकी मरम्मत पर ध्यान दिया होता तो अंतिम छोर पर भी पानी पहुंच गया होता। दूसरे सरकार को पीने के पानी के साथ साथ सिंचाई के लिए भी व्यवस्था करनी चाहिए थी। सांसद कुमारी सैलजा ने 27 मार्च को सिरसा जिले, विशेषकर ऐलनाबाद-रानियां क्षेत्र के गांवों में उत्पन्न हो रही पीने के पानी की गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि सिरसा जिले को पानी आपूर्ति करने वाली नहरों की सफाई और मरम्मत कराई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट न उत्पन्न हो। कुमारी सैलजा ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी देने के बावजूद नहरों की न तो समय पर सफाई करवाई गई, न मरम्मत कराई गई, और अब नहरों में कुछ दिन के लिए पानी छोड़ा गया है पर वह जब तक टेल पर पहुंचेगा नहर बंद कर दी जाएगी। ऐसे में सिरसा जिले के सैकड़ों गांवों में पीने के पानी का भयंकर संकट खड़ा हो सकता है।



## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**डिंग।** डिंग मंडी के ग्रामीणों ने एक बार फिर अपनी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। गांव के सरपंच प्रतिनिधि दरिया सिंह के नेतृत्व में सुदेश पचार, रामस्वरूप, मिलाप पचार, बलवान झुरिया, सुरेन्द्र खीचड़, सौरभ तथा देव शास्त्री सहित कई गणमान्य ग्रामीणों ने बीते दिवस मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए डिंग मंडी को उप-तहसील का दर्जा देने, रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण, कन्या कॉलेज की इमारत निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इन मुद्दों को लेकर पंचायत और गांववासियों द्वारा पहले भी कई बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

*छोटी नहरों में आज आएगा पानी*

## पेयजल को लेकर गांवों में भयावह हालात, 2-3 दिन बाद आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे ही पेयजल की डिमांड भी बढ़ती जा रही है। हालांकि इस समय खेतों में सिंचाई का समय नहीं है लेकिन भाखड़ा बांध में जलस्तर काफी कम होने से यहां की नहरों में पानी आ ही नहीं रहा। हालात यह है कि जिले के दर्जनों ऐसे गांव है जहां 2-3 दिन में केवल एक बार ही पानी की सप्लाई दी जा रही है। जिस कदर जिले में पेयजल संकट गहराने लगा है, उससे लगता है कि जून तक हालात और भी भयावह हो जाएंगे। इन दिनों ग्रामीण इलाकों में लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहर में तो 30 एकड़ से ज्यादा पेयजल स्टोरेज के टैंक है जहां 22 एमएलडी के डब्ल्यूटीपी लगे हुए हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के अनुसार डब्ल्यूटीपी से क्लीयर टैंकों में पेयजल अगर 22 से 30 दिन तक पानी नहीं भी आता, तो भी यहां पानी की किल्लत होने वाली नहीं है।

### कहीं 500 तो कहीं 800 रुपये में आ रहे टैंकर

ग्रामीण इलाकों में कहीं दो तो कहीं तीन दिन में पेयजल सप्लाई आ रही है। पानी की कमी होने के कारण पब्लिक हेल्थ विभाग भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दे पा रहा है। नतीजतन, लोग टैंकरों से पानी मंगवा कर काम चला रहे हैं। ग्रामीण विजय कुमार, नरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, विक्रम सिंह, दलीप चंद, रोहताश वर्मा आदि बताते हैं कि क्राइसिस के बीच टैंकर संचालकों की मनमानी भी बढ़ गई है। कहीं, 500 रुपए तो कहीं 800 रुपए तक में भी एक टैंकर पानी भेजा जा रहा है। देर रात तक पानी के टैंकरों से लोग पानी भरने में लगे रहते हैं। सिंचाई विभाग की ओर से फतेहाबाद ब्रांच नहर में पानी छोड़ा गया है। इस नहर से फतेहाबाद के 17-18 गांव को राहत मिली है। इन गांवों में नहर में पानी आने के बाद जल घरों में स्टोरेज कर ली गई है। अब पब्लिक हेल्थ विभाग को सभी नहरों में पानी आने का इंतजार है।





स्पेशलः वर्ल्ड लाफ्टर-डे
4 मई

जिंदगी की इस आपा-धापी में हम हंसना भूलते जा रहे हैं, जबकि हेल्दी लाइफ के लिए हंसना बहुत जरूरी है। इस बात की पुष्टि कई शोध भी करते हैं। इसलिए नई-नई वजहों से खुलकर, जमकर हंसते रहिए, साथ ही दूसरों को भी हंसाते रहिए।

## खुलकर हंसें-हंसाएं जिंदगी में बहार लाएं

कवर स्टोरी

चेतना झा

सच कहा जाता है, 'लाफ्टर इज द बेस्ट थेरेपी'। हंसने से बड़ी कोई दवा नहीं। लाखों के कपड़े-गहने पहन लें या दुनिया के बेस्ट प्रोडक्ट से मेकअप कर लें, तस्वीर तो तभी अच्छी आएगी जब आप 'स्माइल प्लीज' कहने पर मुस्कुरा देंगी। 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा...' जैसे फिल्मी गीत यों ही नहीं बने हैं। छोटी-सी मुस्कुराहट चेहरे पर चार चांद लगा देती है। किसी की हंसी-मुस्कान कभी पहली नजर में भा जाती है, जीवन भर के साथी बन जाते हैं, तो किसी का संबल भी बनती है। कुदरत का यह तोहफा नायाब है। जब हम आज की व्यस्त दिनचर्या में अपनी हंसी खोते जा रहे हैं तो इसकी अहमियत को समझें, सजग हों कि हंसना जरूरी है। आज दुनिया भर में हंसने के बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। हंसना जरूरी न समझा जाता तो हर साल 'वर्ल्ड लाफ्टर-डे' क्यों मनाया जाता? आज तो हंसने-हंसाने के लिए जगह-जगह लाफ्टर क्लब खुल चुके हैं, लोग यहां आकर एक साथ हंसते हैं, अपना मेंटल स्ट्रेस कम करते हैं। अपने भीतर खुशियां समेटते हैं।

**शुरू हुई मेडिकल क्लाउनिंगः** हंसने के फायदे इसी से समझे जा सकते हैं कि मेडिकल क्लाउनिंग जैसे प्रोफेशन अब शुरू हो गए। इस प्रोफेशन को अपनाने वाले लोग अस्पतालों में या स्वयं क्लीनिक खोलकर असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों के होंठों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं। विभिन्न शोधों से मालूम हो चुका है कि ऐसे प्रयास किसी दवा से कम कारगर नहीं होते बल्कि यह कहिए कि दवाएं तभी काम करती हैं, जब चेहरे पर हंसी हो। दरअसल, हंसी हमारे भीतर सकारात्मक भाव पैदा करती है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कई शोधों से यह पता चला है कि हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो हमारा मूड हैप्पी रखता है। हम



अपने आपको तरोताजा महसूस करते हैं। यह हार्मोन हमें सुखद एहसास और पॉजिटिव थिंकिंग देता है।

**हंसी को न बनाइए दुर्लभः** हंसना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए अब लोग लाफ्टर क्लब के सदस्य बनने लगे हैं, लोग पार्क में एकत्र होकर हंसते हैं, लेकिन यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या हंसी इतनी दुर्लभ हो गई है कि इसके लिए हमें बनावटी तरीके अपनाने पड़ें। हंसने के लिए हमें सहज तरीके अपनाने चाहिए ताकि हम सचमुच हंसें। हंसने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों की बातों पर हंसने की वजह खोजनी चाहिए। आमतौर पर हम हंसना-हंसाना दोस्तों-सहेलियों या फिर देवर-भाभी, जीजा-साली जैसे रिश्तों के बीच हुई बातें मानते हैं, लेकिन सिर्फ इनसे ही नहीं, आप अपने पति, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के साथ भी मजेदार बातें करें, सबके साथ हंसिए। परिवार के सदस्यों के साथ हंसना आपके रिश्तों में मिठास घोलेगा, इससे आपके रिश्ते गहरे भी होंगे।



**बेस्ट एंटी एजिंग फॉर्मूलाः** अगर आप यह कॉम्प्लिमेंट पाना चाहती हैं, 'आपकी स्किन से आपकी उम्र का पता ही नहीं चलता,' तो किसी साबुन या क्रीम से ज्यादा अपनी हंसी पर भरोसा कीजिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि हंसने से चेहरे की मांसपेशियों की बेहतरीन एक्सरसाइज होती है। इससे चेहरे पर झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। हंसने के दौरान हम गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं, इस कारण शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। यही कारण है कि हंसने-हंसाने वाली महिलाएं न केवल अधिक जवां दिखती हैं, ऊर्जावान भी रहती हैं, तो एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स पर पैसे बहाने की बजाए, बस हंसी पर ऐतबार कीजिए और हमेशा जिंदादिल, जवां रहें।

**ध्यान कीजिए पिछली बार कब खुलकर हंसी थीं:** आज की लाइफस्टाइल में हंसना-हंसाना बहुत बड़ी बात हो गई है।



हास्य कलाकारों या कवियों के पारिश्रमिक कई बार आपको चौंका सकते हैं। यह और बात है कि ऊंचा पेमेंट लेकर भी कई बार वे घिसी-पिटी हास्य कविताएं या जोक सुनाते हैं। हंसाने के लिए टीवी पर कई कॉमेडी शोज भी आते हैं। इनकी टीआरपी बहुत अच्छी होती है। असल में यह सारी मशक्कत इसलिए है कि हम हंसना अब भूलते जा रहे हैं। बड़ी-से-बड़ी किसी हंसी वाली बात पर भी बस हल्के से मुस्कुरा देना,हमारी आदत-सी बन गई है। यकीन न हो तो खुद ही याद कीजिए कि पिछली बार आप कब खुलकर हंसी थीं?

**ड्रामा नहीं, कॉमेडी देखिएः** पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड में एक शोध किया गया। जिन लोगों पर यह शोध किया गया, उन्हें दो ग्रुप में बांटा गया। पहले ग्रुप को कॉमेडी दिखाई गई तो दूसरे को थोड़ा तनाव देने वाला ड्रामा दिखाया गया। परिणाम में देखा गया कि जिस ग्रुप को कॉमेडी दिखा कर हंसाया गया, उनका रक्त संचार दूसरे ग्रुप से बेहतर था। इसलिए टीवी पर सास-बहू या अपराध से जुड़े सीरियल देखने से कहीं बेहतर है, आप हेल्दी कॉमेडी शोज को देखें।

**दर्द हो जाएगा उड़न-छूः** यकीनन आपकी जिंदगी में भी कई ऐसे लोग होंगे, जिनकी हंसी-ठिठोली देखकर आपके सारे गम उड़न-छू हो जाते होंगे। काम से थक कर वापस आने पर जीवन साथी या बच्चों की हंसी और बूढ़े माता-पिता की मुस्कान एक सुकून देती है। इनकी वजह से ही हम कुछ देर के लिए सारे दुख-दर्द भूल जाते हैं। कई शोध में पाया गया है कि स्पोंडिलाइटिस या कमर, रीढ़ के असहनीय दर्द को दूर भगाने में लाफ्टर थेरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इसीलिए लाफ्टर थेरेपी को मानने वालों का नारा है, 'दस मिनट ठहाके लगाइए और घंटे भर दर्द से दूर रहिए।'

हम देखते हैं कि इस भागम-भाग भरी जिंदगी में हम अकसर भौतिक संसाधन बटोर कर खुश रहने का प्रयास करते हैं, लेकिन सच तो यह है हम अपना सुकून खो रहे हैं। तो इस लाफ्टर-डे पर अपने आपसे प्रॉमिस कीजिए कि हंसने-हंसाने के नए-नए बहाने खोजेंगे, खुलकर खुद हंसेंगे और दूसरों को भी हंसाएंगे।

---

मिड एज में आते ही कुछ महिलाओं को लगता है, जीवन बहुत जी लिया, अब कुछ नया करने की उम्र नहीं है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप बहुत कुछ नया कर सकती है, बस हमेशा उत्साह-उमंग से भरे रहिए, आपकी हर आकांक्षा पूरी होगी।



## मिड एज में भी जिंदगी लगेगी खूबसूरत

बी पॉजिटिव

शिखर चंद जैन

यही 40-45 की उम्र में आते ही कुछ महिलाएं जिंदगी में एक ठहराव महसूस करने लगती हैं। उन्हें लगता है, बस अब जिंदगी की रफ्तार थम गई है। अब कुछ नया करने को नहीं है। ऐसी महिलाओं में जिंदगी के प्रति कोई उत्साह-उमंग नहीं रहता। इस तरह की नेगेटिव सोच सही नहीं है। हमें यह समझना चाहिए, जिंदगी का हर दिन नया है। चाहे मिड एज हो या ओल्ड, नएपन, निखार, सुधार, तरक्की, उत्साह-उमंग और सफलता की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बस जिंदगी के प्रति हमारा नजरिया उत्साहपूर्ण और पॉजिटिव होना चाहिए।



**जीवन जितना है, बहुत हैः** मिड एज में आते ही बहुत-सी महिलाएं सोचती हैं, 'अब जिंदगी बची ही कितनी है, जो कुछ नया शुरू किया जाए।' इस तरह की नेगेटिव सोच आपको उत्साह-उमंग भरी जिंदगी जीने से रोकती है। हमेशा यही सोचना चाहिए कि अभी तो हमारे सामने जीवन जीने के लिए लंबा समय है, बहुत कुछ करना बाकी है। जीवन जितना है, बहुत है। इसलिए उम्र के किसी भी पड़ाव पर नए सपने देखिए और इन्हें पूरा कीजिए, इससे आप हमेशा जीवंत रहेंगी। जिंदगी बहुत प्यारी-सी लगेगी।

**सोशल एक्टिविटीज बोझ नहींः** कई महिलाएं उम्र का हवाला देकर सोशल एक्टिविटीज से बचती हैं। उन्हें लगता है कि यह सब फालतू काम हैं, इनमें समय की बर्बादी होती है। यह सोच गलत है। सोशल एक्टिविटीज न सिर्फ हमारा मन स्वस्थ रखती हैं बल्कि इससे हमारा सामाजिक दायरा, मित्रता और लोगों से घनिष्ठता भी बढ़ती है। मिड लाइफ तो विशेष रूप से सोशल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होने का सही समय है। इससे आपका अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार होता है।

**व्यर्थ की चिंताओं में न उलझेंः** 'मैंने शुरू से ऐसा किया होता तो अच्छा होता', 'मैंने वैसे क्यों नहीं किया?', इस तरह की बातें व्यर्थ की चिंताएं हैं। जो बीत गई, सो बात गई, बीता समय कभी लौटकर नहीं आ सकता। इसलिए व्यर्थ की चिंताओं से मुक्त होकर जिंदगी जिएं। जीवन को सरसता और सहजता से जिएं। चिंताओं के बजाय आगे की जिंदगी के लक्ष्य तय करके, इन्हें पूरा करने में लग जाएं। आपको जिंदगी खूबसूरत लगेगी।

**कुछ सार्थक करेंः** अगर इन दिनों आपके पास कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसे किसी सार्थक काम में लगाएं। इसे सोशल नेटवर्क बढ़ाने, नई स्किल सीखने, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने, तन-मन की सेहत संभालने-संवारने में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो बागवानी करें, पर्यटन के लिए निकलें। जीवन में नयापन चाहिए तो हर रोज नए-नए लोगों से मिलें।

**कुछ ऐसा करें जो आत्मसंतुष्टि देः** जब हम अपने समाज और देश हित के लिए कुछ करते हैं तो हमें एक आत्मसंतुष्टि महसूस होती है। इसलिए अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के बाद अब आपको देश-समाज के लिए भी कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसे करके आपको आत्मसंतुष्टि मिले, गर्व महसूस हो। गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाएं, उनके लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराएं। निरक्षर या वृद्ध लोगों के लिए सरकारी या बैंक संबंधी कार्य का निष्पादन करने में उनकी मदद करें, इससे आपको खुशी मिलेगी।

---

स्पेशलः इंटरनेशनल डांस डे, 29 अप्रैल

डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जो शरीर ही नहीं मन के मोर्चे पर भी बदलाव लाती है। सोशल फ्रंट पर जुड़ाव को इंस्पायर करती है। यही वजह है कि हमारे यहां पर्व और खुशी के हर अवसर पर नृत्य करने की परंपरा रही है। आइए, हम भी इसे अपने जीवन में शामिल कर, इसे उल्लास से भर दें।

## हेल्थ-सोशल बॉन्डिंग से जुड़ा आर्ट ऑफ डांस

लाइफस्टाइल

चैतन्या

नृत्य कला में संस्कृति के रंग ही नहीं, स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी निहित हैं। नृत्य करने से मन उल्लासित और शरीर सक्रिय रहता है। इसे करने से मन-जीवन को खुशहाल रखने वाले हार्मोस स्रावित होते हैं। आलस दूर भागता है। चेहरे की भाव-भंगिमाओं से लेकर शरीर की लचक तक, नृत्य के अनगिनत लाभ हैं। सबसे अहम यह है कि नृत्य की उमंग संग होने वाले सेलिब्रेशंस में महिलाओं की भूमिका सबसे मुखर होती है। इसीलिए स्वास्थ्य सहेजने की बात हो या खुशियां मनाने की, डांस को अपने जीवन में जरूर जगह दीजिए। समय मिले तो अपनी पसंद की किसी नृत्य विधा को सीखिए। देश के जिस हिस्से से भी जुड़ी हैं, वहां के परंपरागत नृत्य की थाती को सहेजने में रुचि लीजिए। यह जुड़ाव आपके अपने जीवन को उल्लासित बनाए रखेगा।



**मन-मस्तिष्क रहते हैं स्वस्थः** नृत्य मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है। यह कला सदा से ही अपने आपको एक्सप्रेस करने का सबसे सुंदर तरीका रही है। यही वजह है कि यह आर्ट, सीधे-सीधे मन-मस्तिष्क की बेहतरी से जुड़ी है। डांस करने से तनाव और अवसाद जैसी कई बीमारियों का खतरा कम होता है। मन तरोताजा रहता है। याददाश्त अच्छी होती है। नियमित डांस करने से दिमाग सजग रहता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन का अध्ययन बताता है कि डांस करने से डिमेंशिया होने की संभावना कम हो जाती है। नए-नए स्टेप्स सीखना और नृत्य करने की आदत से मस्तिष्क सही और समय पर प्रतिक्रिया देने को लेकर सचेत रहता है। स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में जब दिमाग छोटी-छोटी बातें भूलने लगा है, डांस की एक्टिविटी फोकस बढ़ाने में मददगार बन सकती है। असल में शारीरिक संतुलन और सही भावाभिव्यक्ति को साधने से जुड़ी यह गतिविधि दिमाग को फोकस्ड रहना सिखाती है। इतना ही नहीं डांस करने से मूड भी अच्छा रहता है। यह मनःस्थिति उदासी और डिप्रेशन के घेरे से बचाती है। डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसे मिल-जुलकर ही नहीं अकेले भी किया जा सकता है। यही कारण है कि नृत्य में रुचि रखने वाले लोगों को अकेलापन भी नहीं घेरता।

**शारीरिक फिटनेस में सहायकः** शारीरिक सक्रियता के लिए नृत्य एक बेहतरीन एक्टिविटी है। इसीलिए कसरत करने के लिए भी डांस आर्ट से जुड़ा जा सकता है। यह कला ना सिर्फ फिजिकल फिटनेस में मदद करती है बल्कि शरीर को एजिंग से भी दूर रखती है। मोटापे की समस्या से जूझने और वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज के रूप में डांस करना एक बेहतरीन विकल्प है। डांस करने से कैलोरीज तो बर्न होती ही हैं, मन भी खुश रहता है। इसके चलते शरीर को खुशी बढ़ाने वाले हार्मोस मिलते हैं। नींद अच्छी आती है। ऐसे बातें भी अप्रत्यक्ष रूप से वजन कम करने में मददगार बनती हैं। डांस करने से स्टेमिना भी बढ़ता है। हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा मिलता है। हर ओर से चिंताओं में घिरी जिंदगी के इस दौर में नृत्य कला से जुड़ाव मन को स्थिर रखने में भी मदद करता है। शरीर की थिरकन समग्र जीवन को उमंग की सौगात देती है।

**सामाजिकता-आत्मविश्वास को बलः** नवरात्र में मिलकर गरबा करने की बात हो या लोहड़ी पर भांगड़ा-गिद्दा नृत्य की धूम। शादी-ब्याह की रौनक में थिरकने का उल्लास हो या परंपरागत नृत्य शैली को साधने की यात्रा। नृत्य, सामाजिकता मेल-जोल बढ़ाने और आत्मविश्वास को बल देने वाली कला है। खास धुन और खास अवसर पर मिलकर झूमने-थिरकने से आपसी जुड़ाव बढ़ता है। त्योहार हो या सामाजिक-पारिवारिक आयोजन, डांस करने से हर मौके की रौनक बढ़ जाती है। अध्ययन भी बताते हैं कि खुद को अभिव्यक्त करने की यह कला इंसान को नकारात्मक भावना से दूर रखती है। सामाजिक जुड़ाव और आपसी संवाद मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डालने वाले महत्वपूर्ण फैक्टर्स हैं। इसलिए अपनी जिंदगी में डांस को जरूर शामिल कीजिए।

---

## गर्मियों के लिए परफेक्ट मैटलुक मेकअप

मेकअप

सरिता गुप्ता

गर्मी के दिनों में नॉर्मल मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इस मौसम में नेचुरल और मैटलुक मेकअप ही इंप्रेसिव लगता है। मिनिमल मेकअप से आपके फीचर्स शार्प और स्किन नेचुरल, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। अगर आपका फेस ऑयली है तो इस सीजन में आप मैटलुक मेकअप करें, क्योंकि इससे आपको प्यारा-सा लुक और स्मूद टेक्सचर मिलता है।

**क्लीनिंगः** सबसे पहले अपने चेहरे को क्लीन करें। इससे मेकअप में फिनिशिंग लुक परफेक्ट आएगा और यह लॉन्ग लास्टिंग भी बना रहेगा। फेस को धोने के लिए आप फेसवॉश से चेहरे को साफ करें और फिर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें। चेहरा साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाएं।

**जरूरी है प्राइमरः** कभी-कभी स्किन पर रेडनेस, डलनेस और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याएं आ जाती हैं। इसलिए हमेशा मेकअप से पहले प्राइमर यूज करना सही रहता है। प्राइमर के इस्तेमाल से मेकअप आपकी स्किन के पोर्स के अंदर नहीं जाता और साथ ही मेकअप प्रोडक्ट्स को एक चिकना बेस देने में मदद करता है। प्राइमर, मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग भी बनाता है।



**फाउंडेशनः** मैटलुक मेकअप के लिए वाटर बेस्ड फाउंडेशन का ही चयन करें। वाटर बेस्ड फाउंडेशन की एक मोटी परत लगा कर इसे स्पंज की मदद से स्मूद फिनिश दें और इसे धीरे-धीरे ब्लेंड करें।

**कंसीलर-ब्रांजरः** कंसीलर से अपने चेहरे के दाग-धब्बों और डार्क सर्कल को छुपाने के लिए आपको फाउंडेशन से मैच करता हुआ शेड ही लगाना चाहिए। इसके साथ ब्रांजर का यूज आपके मैटलुक को नेचुरल दिखाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसको ज्यादा मात्रा में यूज ना करें। ब्रांजर को माथे के ऊपरी हिस्से, चीक बोंस और चिन पर लगा सकती हैं।

**लूज पावडरः** फाउंडेशन लगाने के बाद मेकअप को सेट करने के लिए कांपैक्ट फेस पावडर की बजाय हमेशा लूज पावडर का इस्तेमाल करें।

**मैट ब्लशः** कोरल-पिंक मैट ब्लश का यूज करके आप अपने गालों को हाईलाइट कर सकती हैं। मैट ब्लश को हमेशा ब्रश की मदद से ही अप्लाई करें।

**आईशैडोः** मैट फिनिश लुक के लिए न्यूड शेड वाले मैट आईशैडो का यूज करें। आप अपने आउटफिट से मैच करता हुआ आईशैडो का कलर भी चुन सकती हैं।

**मैट लिपस्टिकः** मैटलुक के लिए आप लिक्विड लिपस्टिक का यूज करें।

**(मेकअप आर्टिस्ट कोमल चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

---

आप जरूर चाहती होंगी, आपके बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो, उसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, जीवन हमेशा खुशहाल रहे। इसके लिए आपको बच्चे की परवरिश में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

## परवरिश का होगा यह तरीका बच्चों का होगा खुशहाल जीवन

बच्चे और आप

रजनी अरोड़ा

हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है, उनका बच्चा स्वस्थ और खुश रहे। उसके व्यक्तित्व का सही ढंग से विकास हो। इसके लिए वे पूरी तरह प्रयासरत भी रहते हैं। लेकिन खुशी केवल बाहरी कारकों से नहीं आती, यह बच्चे की मनःस्थिति, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे सामाजिक संबंधों पर निर्भर करती है। खुशी एक कौशल है, जिसे सही आदतों और दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। यह संभव है, बच्चे की अच्छी परवरिश से। विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की परवरिश केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सही मानसिकता, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक सोच विकसित करना भी जरूरी है। रोजमर्रा की अच्छी आदतें बच्चों को न सिर्फ खुश रहने, बल्कि जीवनभर के लिए खुशहाल और आशावादी बनने में भी मदद करती हैं। जिनका ध्यान रखना पैरेंट्स के लिए बहुत जरूरी है।



**दें खुशहाल और सुरक्षित माहौलः** बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य आस-पास के वातावरण पर निर्भर करता है। अगर घर का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेम से भरा होगा, तो बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ेगा, वे खुश भी रहेंगे। इसलिए परिवार में आपसी तनाव या नकारात्मक भावों को खत्म कर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाए रखें। बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह एहसास कराएं कि वे आपके लिए अहम हैं। इससे बच्चे खुलकर अपनी बातें आपके सामने रखेंगे। आप भी उनकी समस्याओं का निवारण आसानी से कर सकेंगी।



**किताबें पढ़ने को बढ़ावा देंः** बच्चों को तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। सोचने और समझने की क्षमता विकसित होती है। आत्मिक संतुष्टि प्रदान करने के साथ खुशहाल जीवन बिताने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। पसंदीदा किताबें पढ़कर सुनाएं और उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। हल्की-फुल्की कहानियां, कॉमिक बुक्स पढ़ने को दें। नैतिक शिक्षा पर आधारित किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**स्वस्थ सामाजिक रिश्ते बनाना सिखाएंः** बच्चे को मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध बनाना सिखाएं। सहानुभूति सिखाएं, जिससे वे दूसरों की भावनाओं को समझ सकें। अपनी टीमवर्क, दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। दूसरों की मदद करने की आदत बनाएं।

**सकारात्मक सोच को दें बढ़ावाः** बच्चों में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें, ताकि धैर्य रखकर वे बुरे वक्त में निराश न होकर सकारात्मक समाधान ढूंढ़ पाएं। बच्चों को सिखाएं कि हर समस्या का समाधान मुमकिन है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। 'मैं नहीं कर सकता' को 'मैं कोशिश करूंगा' में बदलने के लिए प्रेरित करें। पैरेंट्स बच्चों के सामने सकारात्मक बातें करें, जैसे- 'तुम कर सकते हो', 'अगली बार और बेहतर होगा।'

**खुद से प्यार करना सिखाएंः** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। व्यक्तिगत विशेषताओं और कार्यक्षमता को समझ कर विशिष्ट बनने के लिए प्रोत्साहित करें। उसकी क्षमताओं की सराहना करें। बच्चों की दूसरों से तुलना करने से बचें।

**करें प्रेरितः** रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे ज्यादा खुश और हेल्दी रहते हैं। उन्हे संगीत सुनने या वाद्य यंत्र बजाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**(सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. इमरान नूरानी से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### बेटा बचाओ संकल्प पत्र पर किए हस्ताक्षर

**सिरसा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बड़ालसा सिरसा में अपने मित्र साहिल रोज के निवास पर पहुंचे। ओएसडी वीरेंद्र सिंह ने मानव अधिकार परिषद हरियाणा ट्रस्ट व नशे के खिलाफ चलाए जा रहे बेटा बचाओ अभियान की प्रशंसा की और संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर करके नशा मुक्ति का संदेश दिया।

### खेल मनुष्य जीवन का अहम हिस्साः जयप्रकाश

**सिरसा।** द सिरसा स्कूल में जिला स्तरीय वुशु चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर जेसीडी के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने शिरकत की मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेल मनुष्य जीवन का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जहां मनुष्य को गुणवान बनाती है, वहीं खेल शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूती प्रदान करते हैं।

### स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव चकराइयां के सरकारी स्कूल में मिड-डे-मील के कमरे का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मुख्य शिक्षक वेदप्रकाश ने बताया कि बीती 26 अप्रैल को स्कूल समय के बाद स्टाफ सदस्य घर चले गए। देर रात को चोरों ने स्कूल में घुसकर मिड-डे-मील के कमरे के ताले तोड़कर रसोईघर में रखी टंकी में से 65 किलोग्राम गेहूं व उसके पास रखा इंडेन कंपनी का सिलेंडर चोरी कर ले गए।

### रेडीमेड शॉप से नकदी व सामान चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव जीवननगर में एक रेडीमेड कपड़े की दुकान से चोर 17 हजार रुपए की नकदी सहित 40 हजार रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव बाहिया निवासी मनदीप सिंह ने बताया कि वह जीवन नगर बस स्टैंड पर एमएस गारमेंट्स के नाम से दुकान करता है। उसने बताया कि बीती 26 अप्रैल की रात्रि को वह दुकान मंगल कर घर चला गया।

### कुश्ती दंगल में भजनों की रही धूम

**चोपटा।** जिला के गांव नहराना में देदा पीर लुहार खेमा समाधि स्थल पर वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। यह मेला गडरिया लोहारों के लिए उत्तरी भारत का सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है। मेले में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ से लोहार समुदाय के लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेका और सुख-शांति की कामना की।

### आरकेजे केंद्र में दिव्यांगों को मिलेगी फ्री शिक्षा

**सिरसा।** आरकेजे श्रवण एवं वाणी निःशक्तजन कल्याण केंद्र में जिले में जिन दिव्यांग बच्चों को सुनाई नहीं देता, उनकी निःशुल्क शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाएगी। निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ केंद्र में रहने वाले बच्चों के लिए छात्रावास व भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क है।

### परशुराम मंदिर में मूर्ति की स्थापना

**फतेहाबाद।** जाखल के बलरां रोड स्थित परशुराम मंदिर में सोमवार को मूर्ति स्थापना समारोह संपन्न हुआ। भगवान परशुराम ब्राह्मण सभा की ओर से मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई। मंदिर से सुबह 10 बजे कलश यात्रा शुरू हुई। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**डबवाली।** शहर थाना डबवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गांव डबवाली से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित काबू किया है।

---

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

# खो-खो में केंद्रीय विद्यालय भनाला और रघुनाथपुरा ने मारी बाजी

केंद्रीय विद्यालय रेवाड़ी ने द्वितीय स्थान और अंडर-14 वर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिरसा ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸सिरसा

वायुसेना स्टेशन स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर एक में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के खो-खो, जूडो, ताइक्वांडो और शतरंज मुकाबलों में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई जिसमें खो-खो प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय भनाला और केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा ने अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं केंद्रीय विद्यालय रेवाड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 वर्ग में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिरसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-17 वर्ग में केंद्रीय विद्यालय मानेसर तीसरे स्थान पर रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन एन विश्वनाथ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।वहीं विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त भूपेश भट्ट ने हार-जीत को जीवन का हिस्सा बताते हुए छात्रों को हार के बाद भी निराश न होने और निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।



**सिरसा।** प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे खेलों के परिणाम

जूडो अंडर-14 वर्ग में केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 गुरुग्राम की अंशिका व इसी स्कूल से अंडर-17 वर्ग में भूमिका ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शतरंज अंडर-14 वर्ग में एयरफोर्स स्टेशन गुरुग्राम की लक्षिता ने स्वर्ण पदक जीता, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास से नताशा ने रजत पदक और मानसवी ने कांस्य पदक हासिल किया। शतरंज अंडर-17 वर्ग में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालमपुर से कुशानी धीमान ने स्वर्ण पदक, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास हमीरपुर से प्रणवी ने रजत पदक और केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 गुरुग्राम से तन्वी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।



**फतेहाबाद।** रॉयल स्कूल खाराखेड़ी में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### रॉयल स्कूल खारा खेड़ी में खो-खो स्पर्धा में नेहरू सदन ने रचा इतिहास

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में चारों सदनों के मध्य अंतरसदनीय खो-खो प्रतियोगिताएं बड़े उत्साह, उमंग और उत्कृष्ट खेल भावना के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प की भावना का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। लड़कों के मैच में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला, जहां विभिन्न दौरों की कड़ी श्रृंखला के बाद नेहरू सदन ने अपने बेहतरीन समन्वय, रणनीति और अदम्य सहनशक्ति के बल पर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, विवेकानन्द सदन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की प्रतियोगिता में भी नेहरू सदन ने अपना दबदबा कायम रखते हुए श्रेष्ठ एथलेटिक कौशल का परिचय दिया और विजेता बनीं। बोस सदन की टीम ने भी उत्साहपूर्ण खेल का प्रदर्शन कर उपविजेता का गौरव प्राप्त किया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट खेल भावना और जोशीले प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने नेहरू सदन को उनकी शानदार दोहरी जीत तथा विवेकानन्द सदन और बोस सदन को उपविजेता बनने पर विशेष रूप से बधाई दी। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता रहता है।



**रतिया।** संकीर्तन में कलाकारों को सम्मानित करते श्याम भक्त।

# पावनी खुराना के भजन गायन पर झूमे श्रद्धालु

- गर्ग सिस्टर ने भी भजनों से समा बांधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸रतिया

श्याम प्रेमियों द्वारा रविवार रात्रि को पुराना बस स्टैंड प्रांगण में तीसरे विशाल खाटू श्याम के संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पंजाबी सभा के प्रधान सतीश हांडा, अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बांसल, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अरविंद सिहाग, सोहन लाल गोयल व मेजर सिंह ने शिरकत की। रात्रि को हुए श्याम बाबा के भजन से कीर्तन में हिसार की भजन सम्राट गायिका पावनी खुराना के भजनों पर श्रद्धालु खूब थिरके। पावनी खुराना के गाए भजन 'खाटू चालो, खाटू चालो' पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु नाचते पर मजबूर हो गए। इससे पहले दिल्ली से आई दो बहनों की जोड़ी गर्ग सिस्टर ने भी भजन गायन में समां बांधा तो दीपक जैन के भजनों पर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। इस विशाल संकीर्तन में श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट व श्री बांके बिहारी महिला मंडल सहित समस्त धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग रहा। संकीर्तन को लेकर पुराना बस स्टैंड व आसपास के प्रांगण को फूलों व रंगीन लाइटों से सुसज्जित कर श्री श्याम बाबा दरबार को आलौकिक श्रृंगार के साथ भव्य सजावट की गई थी।

#### ये रहे मौजूद

इस कीर्तन के दौरान श्याम प्रेमी सतपाल गर्ग, संजय गोयल, दिवान चंद, सीताराम, हैप्पी ग्रोवर, विशाल मेहता, बलविंदर गर्ग, विनोद बंसल, रिंकू जिंदल, अखिलेश सिंगला, चिरंजी मेहता, मुनीष बांसल, अंकुश शर्मा, मिट्ठू सिंगला, कृष्ण तनेजा, पुजारा लाल, हंसराज मेहता, सचिन ललित, रमेश मेहता, मोजी गर्ग, गुलशन चिलाना, कृष्ण मिढा, गुलशन गाबा,भूषण चावला, रविंद्र मेहता आदि मौजूद रहे।

---

बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक ने विद्यार्थियों को दी निःशुल्क किताबें

# किताबों की कमी से पढ़ाई नहीं होने देंगे बाधितः सैनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸सिरसा

बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट ने चौथा पुस्तक वितरण समारोह श्री गोशाला में किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल एक है कि किताबों की कमी के चलते कोई विद्यार्थी पढ़ाई न छोड़े। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के कल्याण के लिए बुक बैंक द्वारा कोचिंग कक्षाएं, करियर काउंसलिंग व निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध करवाए जाते हैं। महासचिव प्रेम कंदोई ने बताया कि सामान्य एक फॉर्म भरकर बच्चे हमारे से किताबें ले सकते हैं और परीक्षा होने के तुरंत बाद उन्हें बुक बैंक में वापस जमा करवाना होता है। विशेष आमंत्रित अर्पित भाटिया ने विद्यार्थियों को पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मंच संचालन सरदार रणजीत टक्कर ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महानुभावों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



**सिरसा।** विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें वितरित करते हुए बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

# बास्केटबॉल में लोटस टीमों की शानदार जीत

- क्रेसंट स्कूल में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में उत्साह और उमंग के वातावरण में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की दो लड़कों की तथा दो लड़कियों की कुल चार टीमों का गठन किया गया। लड़कों की टीमों को लोटस और जैस्मिन तथा लड़कियों की टीमों को भी लोटस और जैस्मिन नाम दिए गए। प्रतियोगिता के पहले चरण में लड़कों की लोटस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जैस्मिन टीम को 40 अंकों के बड़े अंतर से पराजित किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, फुर्ती और खेल रणनीति का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। लड़कियों के वर्ग में भी लोटस टीम ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए जैस्मिन टीम को 32 अंकों से हराकर जीत हासिल की। खिलाड़ियों की ऊर्जा, टीम भावना और जीतने का जुनून सराहनीय रहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्या पूनम ने अपने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास और चरित्र निर्माण के लिए भी आवश्यक है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जिस अनुशासन, समर्पण और उत्साह का प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेगा।



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में बास्केटबाल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते स्कूल प्राचार्या।

---

कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों को उठाया

# रोडवेज कर्मचारी 20 को करेंगे चक्का जाम, महानिदेशक का पुतला फूंका

## सहमति के बावजूद अभी तक लागू नहीं की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▸▸फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा 20 मई को चक्का जाम किया जाएगा। इससे पूर्व सोमवार को रोडवेज कर्मचारियों ने फतेहाबाद में विभाग के महानिदेशक के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। रोडवेज कर्मचारी यूनियन के नेतृत्व में पुराने बस अड्डे में कर्मचारियों ने महानिदेशक का पुतला फूंककर रोष जाहिर किया। रोडवेज नेता शिव कुमार श्योराण ने बताया कि लगातार रोडवेज का साझा मोर्चा कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों को उठा रहा है। उच्चाधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। 16 सूत्रीय मांगों पर सहमति भी बन गई, मगर अभी तक उन्हें लागू नहीं किया गया है। इस कारण कर्मचारियों की मांगें सिरे नहीं चढ़ पा रही हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की काटी गई छुट्टियां वापस करने, रिटायरमेंट के बाद नॉन ट्रेवलिंग लिखा था, उसको ठीक करने, वर्कशॉप में ग्रुप डी के कॉमन कैडर को हटाकर अलग से कैडर बनाकर प्रमोशन करने, कर्मचारियों को 25 नाइट देने जैसे मांगें मानी गई थी, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई भी मांग लागू नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि रोडवेज विभाग के डीजी बार-बार वार्ता के लिए बुलाते हैं, लेकिन चिट्ठी वापस ले लेते हैं। शिव कुमार श्योराण ने कहा कि जल्द ही रोडवेज कर्मचारी परिवहन मंत्री अनिल विज के शहर अंबाला में न्याय मार्च निकालेंगे। अगर फिर भी मानी गई मांगें लागू नहीं की गई तो 20 मई को हरियाणा के सभी कर्मचारी पूर्ण रूप से चक्का जाम करेंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार व परिवहन विभाग की होगी।



**फतेहाबाद।** महानिदेशक के खिलाफ प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी।

# कांग्रेसियों ने पहलगाम में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- चलते पूरे देश में जबरदस्त गुस्से का माहौल : केवी सिंह
- सरकार से जल्द सख्त कार्रवाई करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸डबवाली

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहलगाम के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और सरकार से जल्द से जल्द सख्त फैसला लेने का आह्वान किया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत डॉ. केवी सिंह ने कहा कि यह हमला केवल 28 नागरिकों पर ही नहीं बल्कि पूरे देश पर किया गया हमला है, जिसके चलते पूरे देश में जबरदस्त गुस्से का माहौल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस हमले में अपना फेलियर माना है जिससे 140 करोड़ लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह तुरंत सख्त फैसला ले ताकि दोबारा ऐसी हरकत करने की किसी की हिम्मत न हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहले ही इस हमले के बाद सरकार के साथ खड़ा होने का विश्वास दिलाया है ऐसे में भारत सरकार को बिना देरी किए जल्द से जल्द सख्त फैसला लेना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पहलगाम में शहीद हुए सभी शहीदों के परिवारों को सरकार प्रति परिवार एक नौकरी तथा आर्थिक सहायता दे ताकि वह आर्थिक रूप से सदृढ़ हो सकें।

### गांव में बाहरी लोगों को दान दक्षिणा देने का किया बहिष्कार

**ओढां।** ग्राम पंचायत पन्नीवालामोटा ने गांव में बाहरी लोगों को किसी भी प्रकार की दान दक्षिणा देने का पूर्णतया बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। गांव की महिला सरपंच मंजू बाला की अध्यक्षता में गत दिवस पंचायत सदस्यों व गणमान्य व्यक्तियों की एक बैठक बुलाई गई। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बेनीवाल ने बताया कि इस आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि हमारे गांव पन्नीवाला मोटा में कोई भी बाहरी व्यक्ति, संस्था, एनजीओ, वृद्धाश्रम, गऊशाला, रोटी बैंक, मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, कचरा चुगने वाले भिखारी, मंगता, जादूगर आदि इन सभी लोगो का पूर्णतया बहिष्कार करना है।

---

# बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸फतेहाबाद

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, टोहाना द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर करमजीत कौर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और बाल विवाह रोकने के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने सभी उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकने की शपथ भी दिलाई। सुपरवाइजर करमजीत कौर ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत देश को बाल विवाह से मुक्त कराना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इसके लिए समाज के हर वर्ग को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो तुरंत विभाग को सूचित किया जाए, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। समाज को यह समझना होगा कि बच्चियों को शिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना ही सच्चा विकास है। बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह हमारे देश के भविष्य के लिए भी एक गंभीर बाधा है।

## 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान : डॉ. अंबेडकर की विरासत' रहा विषय

# एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली संविधान रैली

- डॉ. रामगोपाल ने किया नेतृत्व और संचालन प्रो. गुरप्रीत सिंह व प्रो. मनप्रीत ने किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸फतेहाबाद

भारतीय संविधान के गरिमामय 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनोहर मैमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा संविधान रैली का आयोजन किया गया। जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान : डॉ. अम्बेडकर की विरासत' विषय पर कॉलेज में आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियों की कड़ी में इस रैली का आयोजन किया गया। रैली को वाइस प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी कोहली ने रवाना किया। रैली में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रैली के माध्यम से लोगों को भारतीय संविधान की महत्ता के बारे में बताया गया। डॉ. रामगोपाल के नेतृत्व में निकाली गई रैली का संचालन प्रो. गुरप्रीत सिंह व प्रो. मनप्रीत ने किया। इस अवसर पर प्रो. प्रतिभा मखीजा, डॉ. तृप्ता मेहता, कैप्टन रजनी वर्मा, प्रो. सुरेंद्रपाल सिद्धू, डॉ. रामगोपाल काजल, प्रो. प्रीत कौर, प्रो. राजदीप कौर, प्रो. तारिका नारंग, प्रो. भव्या मुखी, प्रो. ममता स्वामी, डॉ. अनिल शर्मा, एसएस मल्होत्रा, अनु जिंदल, नरेन्द्र सरदाना, सावन, शालू सहित अनेक स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया। इसके अलावा डॉ. सीमा शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संविधान और देशभक्ति पर आधारित गीतों की भी प्रस्तुति दी।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में संविधान रैली निकालते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### संविधान में दिए अधिकारों की जानकारी दी

रैली को रवाना करते हुए डॉ. मीनाक्षी कोहली ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, अब तक संविधान में हुए महत्वपूर्ण संशोधनों व संविधान में दिए गए अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान भारत को एक लोकतांत्रिक देश घोषित करता है, जहां आम जनता सर्वोच्च शक्ति है। यह सभी नागरिकों को धर्म, जाति, लिंग और क्षेत्र के आधार पर समान अधिकार प्रदान करता है। भारत को धर्मनिरपेक्ष देश घोषित करता है, जहां हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता है। ये भारत को संघात्मक ढांचे में ढालता है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। देश का शासन और सरकार कैसे चलेगी, सरकार के विभिन्न अंगों की रुपरेखा कैसी होगी, किस पद पर नियुक्ति कैसे होगी और उसके क्या कार्य होंगे।

**खबर संक्षेप**

## क्रैडिट कार्ड कर चोरी कर पैसे निकाले

**फतेहाबाद।** घर पर काम करने वाले युवक द्वारा धोखाधड़ी से दूसरे के क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर 1 लाख 80 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। आरोपी ने जहां इन पैसों से शॉपिंग की वहीं कुछ कैश भी निकाले। इस बारे जब कार्ड मालिक को इसका पता चला तो उसने अपने साथ हुए फ्रॉड बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में अब साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नन्हेड़ी निवासी पवनदीप सिंह ने कहा है कि उसके पिता की तबीयत पिछले कुछ सालों से खराब रहती है। उसके पिता के नाम से एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड है जिसको वह इस्तेमाल करता है। आरोपी की पहचान कृष्ण पुत्र टहल सिंह निवासी रत्ताथेह के रूप में हुई। पवनदीप ने कहा कि कृष्ण करीब डेढ़ साल से उसके घर सफाई करने व उसके पिता की देखभाल करने आता रहता था।

## सड़क हादसे का आरोपी गिरफ्तार, कार बरामद

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गांव बड़ोपल के पास हुए सडक़ हादसे में एक युवक की मौत होने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कपिल देव पुत्र दलीप सिंह निवासी भोडिय़ा बिश्नोईयान, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से कार को भी बरामद कर लिया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 13 फरवरी को ढाणी बड़ोपल निवासी औमप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## फतेहाबाद शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बदली निवासी यशपाल सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को फतेहाबाद के मॉडल टाऊन में टेलीफोन एक्सचेंज के पास खड़ा किया और काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

## डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लो बने प्रधान

**सिरसा।** सिरसा के डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों को एआईएसीडब्ल्यूसी (ऑल इंडिया कंज्यूमर वेलफेयर कौंसिल) का नेशनल वर्किंग प्रेजीडेंट नियुक्त किया गया है। एआईएसीडब्ल्यूसी के नेशनल चेयरमैन विख्यात शहनई द्वारा जारी पत्र में इसकी पुष्टि की गई है। एआईएसीडब्ल्यूसी के राष्ट्रीय प्रिंसिपल महासचिव वीरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि एआईएसीडब्ल्यूसी की नेशनल बॉडी की घोषणा की जा चुकी है जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों को दी गई है। इस नियुक्ति पर डॉ. गुरभेज सिंह ढिल्लों ने कहा कि एआईएसीडब्ल्यूसी की तरफ से जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का काम करेंगे।

## विदाई समारोह में मंजू बनी मिस फेयरवेल

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एम.ए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एम.ए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को फेयरवेल पार्टी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग की शिक्षिका राजेश कुमारी तथा शोधार्थी दीपिका व्यास, शिमला रानी, सुरेंद्र सिंह, कविता, नवदीप और सिमरन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि समारोह में चतुर्थ सेमेस्टर के राकेश को मिस्टर फेयरवेल और मंजू को मिस फेयरवेल चुना गया। इसके अतिरिक्त आनंद को मिस्टर पर्सनेलिटी और जसपाल कौर को मिस पर्सनेलिटी सम्मान से नवाजा गया।

**पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सीड, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर डीलर्स एसो. ने निकाला रोष मार्च**

# आतंकवादियों व उनके आकाओं को जड़ से मिटाने का समय आ गया है

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा*

*सीड, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर डीलर्स एसोसिएशन ने सोमवार को श्री श्याम बगीची में एक शोकसभा का आयोजन किया, जिसमें पहलगाम में कायराना आंतकवादी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत एसोसिएशन के सैकड़ों सदस्यों ने सभास्थल से शहीद जगदेव सिंह चौक तक मार्च निकाला और सरकार से आग्रह किया कि पाकिस्तान परस्त आंतकवाद को जड़ से कुचला जाए और कठोरतम निर्णय लिए जाएं। एसोसिएशन के शहरी प्रधान राधे गांधी ने कहा कि देश में बार-बार फन उठा रहे आतंकवाद को जड़ से मिटाने का समय आ गया है। देश में इस प्रकार के कई हमले हो चुके हैं, लेकिन सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई न किए जाने से आतंकवादी बार-बार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिसमें निर्दोष लोगों की जानें जा रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आतंकवाद को मुंह तोड़ जवाब दिया जाए, ताकि दोबारा कोई आतंकवादी देश की ओर आंख उठाकर न देखे। इस मार्च को एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक नत्थू राम, राजेंद्र गनेरीवाला व पवन गर्ग ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान भूषण गर्ग, गुलशन भाटिया, दिनेश मेहता, लवली कालड़ा, अश्वनी गर्ग, रितिक मेहता, प्रह्लाद मीणा, भूपेंद्र सुखीजा, जगत ग्रोवर, कृष्ण लाल गर्ग, पवन गर्ग, अशोक खट्टर, पंकज चावला, धर्मपाल गर्ग, जोगिंद्र मोंगा, दिनेश बंसल, विनय बंसल, टोनी, रुपा राम व अन्य मौजूद रहे।*

**निर्दोषों की हत्या सहन नहीं**



**सिरसा।** रोष मार्च निकालते हुए सीड, पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर डीलर्स एसोसिएशन।

## रोटरी क्लब ने सैलानियों को दी श्रद्धांजलि

**सिरसा।** रोटरी क्लब सिरसा के पदाधिकारियों की बैठक एक निजी रेस्तरां में हुई जिसकी अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. संदीप चौहान ने की। बैठक में डीजीई रोटेरियन भूपेश मेहता, शिव शंकर वशिष्ठ, डॉ. सुभाष नरूला, राजीव गर्ग और रोटरी क्लब के प्रधान 2025-26 प्रमोद कंबोज एवं प्रधान 2024-25 राजेश चाडीवाल, सचिव गुलशन वधवा व सभी मेंबर परिवार सहित मौजूद थे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की और दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की। सभी सदस्यों ने कहा कि सभी धर्म आपसी प्रेम और भाईचारे की संदेश देते हैं। भारत में सभी धर्मों को मानने वाले लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने मौन रखा, नापाक पाक को सबक सिखाने की मांग

**भट्टूकलां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भट्टूकलां में अधिकारियों व कर्मचारियों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध स्वरूप मौन रखा। सभी कर्मचारियों ने कहा कि यह हमला मानवता के खिलाफ है। हम इस चीज का कड़ा विरोध करते हैं। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि आम आदमी के जीवन की रक्षा की जाए तथा इस कायराना हमले के विरोध में पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया जाए। इस मौके पर डॉ. वाणी नरवाल, डॉ. नरेंद्र नड्डा, डॉ. मनु राठी, कश्मीरी लाल स्वास्थ्य निरीक्षक, कुलदीप गुरुवाण, सरोज, बाला, राजवीर, अजय, संजय, सतीश सांई सहित स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।



**श्रद्धांजलि**

## नई उम्मीद ट्रस्ट ने पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए नई उम्मीद वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सर्वसमाज के सहयोग से लाल बत्ती चौक स्थित अम्बेडकर पार्क में सभा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट की संयोजक संगीता प्रणामी जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजली सभा में विशेष तौर पर नगरपरिषद की वाइस चेयरमैन सविता टुटेजा व प्रमुख समाजसेवी नेहा मित्तल ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर सामाजिक संस्था जिंदगी के अध्यक्ष हरदीप सिंह, विश्व हिन्दू परिषद से दीपक सरदाना, जीव रक्षा संस्था पाव एंड प्रिंट के अलावा मोबाइल मार्किट यूनियन के सदस्यों, ट्रस्ट सदस्य रोहताश आजाद, सुनील दीक्षित, ज्योति मेहता, विकास गांधी, रवि वर्मा, ज्योति ने भी भाग लिया और इस हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस्ट संयोजक संगीता प्रणामी जांगड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने जिस तरह पर्यटकों पर हमला किया, वह मानवता को शर्मसार करने वाला है। नगरपरिषद वाइस चेयरमैन सविता टुटेजा व नेहा मित्तल ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का भी समर्थन किया।

# पेस्टीसाइड एसोसिएशन ने भी दी श्रद्धांजलि

*हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद*

*जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए कायराना आतंकी हमले का विरोध में पेस्टीसाइड एंड फर्टिलाइजर एसोसिएशन फतेहाबाद द्वारा श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पेस्टीसाइड व फर्टिलाइजर एसोसिएशन के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर इस कायराना हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजली दी गई वहीं भारत सरकार से इस मामले में कठोर निर्णय लेते हुए घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग उठाई गई। श्रद्धांजली सभा में ब्लॉक और जिला स्तर पर खाद, बीज व कीटनाशक दवाओं के विक्रेता मौजूद रहे। एसोसिएशन के प्रधान ने कहा कि पहलगाम में हुई घटना ने हर देशवासी को झकझोर कर रख दिया है। पूरे देश में आज आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की आवाज उठ रही है। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण गिल्होत्रा, संरक्षक नरेश कुमार टीटू, मंगत मित्तल, साहिल, उपप्रधान पूर्ण कम्बोज, हेमंत बत्रा, शीला, मोहन चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।*



**पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को नमन किया**

## पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**फतेहाबाद।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर संवेदना प्रस्ताव रखा गया और इस दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में आगामी एक मई को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन के बैनर तले दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित एक दिवसीय धरने को रद्द करने बारे चर्चा करते हुए राज्य ऑडिटर विजय भूना ने बताया कि पेंशन बहाली आंदोलन की कड़ी में दिल्ली में एक मई को होने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष और एनएमओपीएस के संगठन सचिव विजेंद्र धारीवाल के नेतृत्व में हरियाणा से हजारों कर्मचारी पहुंचने वाले थे, परन्तु वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य को मद्देनजर रखते हुए एनएमओपीएस ने राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखते हुए इस धरना कार्यक्रम को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। अब एक मई को सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी।

**प्रस्तावित धरना स्थगित**

## बड़े सपनों के लिए कोई शॉर्टकट नहीं: डॉ. जयप्रकाश

### जेसीडी में रॉक एंड रोल कार्यक्रम का हुआ समापन

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा*

जेसीडी मैमोरियल कॉलेज में नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम रॉक एंड रोल का सोमवार को समापन हुआ। जेसीडी के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि कला, वाणिज्य, विज्ञान, पत्रकारिता और कंप्यूटर एप्लीकेशन के बिना विश्व की कल्पना असंभव है, क्योंकि ये विषय जीवन के हर पहलू को समेटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कभी भी सरल रास्तों या शॉर्टकट की ओर नहीं जाना चाहिए, बल्कि अपने सपनों को हमेशा बड़ा और ऊंचा रखना चाहिए। प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल ने समारोह के अंतिम दिन सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थी अपने भविष्य की पढ़ाई या करियर से संबंधित निर्णय लेते समय आगामी चुनौतियों और आवश्यकताओं का ध्यान रखें। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से डांस, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग, सिंगिंग जैसी कलाओं का प्रदर्शन किया गया इस दौरान विद्यार्थियों का रैंपवॉक भी करवाया गया जिसके बाद नए विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए और स्टेज पर परफॉर्म भी किया। फाइनल ईयर के विद्यार्थियों में से मिस्टर, मिस फेयरवेल व मिस्टर, मिस डायनेमिक चुने गए। बीएससी मेडिकल से मिस्टर फेयरवेल दिग्विजय और मिस फेयरवेल दिव्या चुनी गईं। मिस ईव वीरपाल को चुना गया। बीएससी नॉनमेडिकल से मिस्टर फेयरवेल वीर सिंह और मिस फेयरवेल दिव्या को चुना गया। मिस्टर ईव शुभम और मिस ईव अंजली को भी चुना गया। एमएससी फिजिक्स से मिस्टर फेयरवेल संजीव और मिस फेयरवेल पलक चुनी गईं। एमएससी मैथ में मिस फेयरवेल किरण को चुना गया।एमएससी बॉटनी में मिस फेयरवेल रवीना को चुना गया। बीकॉम में मिस्टर फेयरवेल अंश और मिस फेयरवेल संध्या को चुना गया। मिस्टर ईव पंकज और मिस ईव महक को चुना गया। मिस्टर पर्सनालिटी हेमंत और मिस पर्सनालिटी अंशियन को भी चुना गया। एम कॉम में मिस्टर फेयरवेल गंगा सिंह और मिस फेयरवेल हीना को चुना गया। निर्णायक मंडल की भूमिका किरण और मोनिका ने निभाई।



**सिरसा।** सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्राएं।

**साथी कर्मचारियों ने गणवत के सेवा भाव को सराहा**

## गणपत सिंह की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी का आयोजन

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां*

भट्टूकलां के सामुदायिक केन्द्र में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग के माली गणपतसिंह की सेवा निवृति पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। गांव किरढ़ान निवासी गणपत ने विभाग में करीब 38 वर्षों तक अपनी सेवा दी। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में बागवानी विभाग के कनिष्ठ अभियंता सतीश कुमार ने कहा कि गणपत सिंह का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। उनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। उनसे दूसरे कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे हमेशा ही अपने काम व कर्तव्य के प्रति लगनशील रहते थे। समाज में अब उनका दायित्व और भी बढ़ गया है। वे अब समाज सेवा के क्षेत्र में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी आपस में तालमेल बनाएं रखना चाहिए। कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता सुरेन्द्र सिंह, कनिष्ठ अभिंयता भूपेन्द्र सिंह, जेईअशोक कुमार, एसडीसी भीमसिंह, माली प्रताप सिंह, कृष्ण, सतपाल, विनोद गुजर, विकास गुजर, कृष्ण लाईनमैन, राजकुमार, नत्थुराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


**भट्टूकलां।** सामुदायिक केन्द्र में माली गणपत सिंह को सेवा निवृति पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते विभाग के कर्मचारी।

## अंडर 16 व अंडर 19 के क्रिकेट ट्रायल 4 मई को

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा*

सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के जिला सचिव डॉ. वेद बेनीवाल ने कहा कि उनकी एसोसिएशन निरंतर नवोदित क्रिकेटर्स को बेहतर मंच प्रदान करने की पक्षधर है और इसी कड़ी में अब आगामी 4 मई रविवार को प्रातः 6 बजे अंडर-16 व अंडर-19 वर्ग में खिलाड़ियों के ट्रायल लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को क्रिकेट के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2025 की सिरसा क्रिकेट टीम की अंडर 16 व अंडर 19 टूर्नामेंट के चयन के लिए ट्रॉयल शाह सतनाम क्रिकेट स्टेडियम, सिरसा में लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रॉयल के लिए निर्धारित किए गए समय का खिलाडिय़ों को विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने बताया कि ये अंतर जिला टूर्नामेंट हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में करवाए जाते हैं और ट्रायल देने के इच्छुक सभी खिलाडिय़ों को नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। जिला सचिव डॉ. वेद बेनीवाल ने कहा कि अंडर 16 के लिए खिलाड़ी का 1 सितंबर 2009 और 31 अगस्त 2011 के बीच का जन्म होना चाहिए। इसी प्रकार अंडर 19 के खिलाडिय़ों का जन्म 1 सितंबर 2006 या उसके बाद का होना चाहिए।

## पहलगाम में हमला करने वालों को जल्द मिलेगा मुंहतोड़ जवाब : भवानी सिंह

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद*

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव भवानी सिंह ने विगत दिनों पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए करनाल के वीर सपूत विनय नरवाल के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और प्रार्थना की कि प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उन्होंने विनय नरवाल के पिताजी से भेंट कर सांत्वना व्यक्त की। पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि शहीद विनय नरवाल पर हर देशवासी को गर्व है। इस दुःख की घड़ी में पूरा देश उनके परिवार के साथ एकजुट होकर खड़ा है। भवानी सिंह ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कायराना हमले का केन्द्र सरकार मुंहतोड़ जवाब देगी। विनय नरवाल जैसे मां भारती के वीर सपूतों के होते हुए जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने वालों के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे।


**फतेहाबाद।** विनय नरवाल के घर जाकर शोक जताते भाजपा नेता भवानी सिंह।

## सीआईए टोहाना ने दो तस्करों को काबू कर लाखों की हेरोइन की बरामद



**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों पर चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने जमालपुर शेखां क्षेत्र से लाखों की 36.67 ग्राम हेरोइन सहित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान बलजीत सिंह पुत्र धर्मपाल व अनिल कुमार पुत्र सतबीर चन्द निवासी अकांवाली के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान रतिया रोड, जमालपुर शेखां पहुंची तो उन्हें सूचना मिली कि दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर हेरोइन बेचने का काम करते है और आज भारी मात्रा में हेरोइन लेकर तस्करी के लिए आने वाले हैं।

**फतेहाबाद पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए की मॉक ड्रिल**

# एसपी ने भरा जोश, फिटनेस के लिए पुलिस कर्मचारियों की करवाई दौड़

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद*

हिसार रोड स्थित पुलिस लाइन में सोमवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने ने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं इसके बाद पुलिस कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड करवाई और दौड़ करवाई। जिला फतेहाबाद में कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन में दंगा निरोधक पुलिस कंपनियों को मॉक ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान पुलिस बल को विशेष ट्रेनिंग दी गई, जिससे जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह पुलिस बल हमेशा तैयार रहेगा। इस मॉक ड्रिल में उप पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारियों से लेकर फतेहाबाद पुलिस में तैनातसिपाही तक सभी को प्रशिक्षण



### कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बेहतर बनाना लक्ष्य

*पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि पुलिस कर्मचारियों की कार्यकुशलता को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने इस मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया, जहां भी उन्हें कमी मिली उसे दूर करने के आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि जब जिले में किसी प्रकार का माहौल बिगड़ता है तो पुलिस कर्मचारियों के पास ट्रेनिग का अभ्यास न होने के कारण समय पर दंगा नहीं रोक पाती। इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इस मॉक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों कोआंसू गैस के गोले छोडऩा व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कनसील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया। अगर कहीं पर भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाडऩे की कोशिश करते हैं तो उनसे कैसे सख्ती से निपटा जाए तथा उनके साथ कानूनी कार्रवाई के तहत बल का प्रदर्शन कर उसका सही प्रयोग किया जाए।*